卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 253 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦20 जून 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444862
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## पुलिस कस्टडी से कैदी फरार

### हथकड़ी समेत हुआ फरार ,तलाश में जुटी पुलिस की कई टीमें

काशीपुर(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा जिला कारागार से पेशी के लिए नगीना बिजनौर ले जाया जा रहा कैदी काशीपुर थाना क्षेत्र में लघुशंका के बहाने पुलिस को चकमा देकर हथकड़ी सहित फरार हो गया। जिससे पुलिस में हड़कम्प मच गया। आनन फानन ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। फरार कैदी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है। जानकाीर के मुताबिक एनडीपीएस के मामले में अल्मोड़ा जिला कारागार में बंद ग्राम हकीकतपुर गंगवाली पोस्ट पखनपुर नगीना जिला बिजनौर निवासी शाहनवाज अहमद पुत्र नसीर अहमद को अल्मोड़ा से एएसआई दयान दत्त, कांस्टेबल महेश प्रसाद, सूरजनाथ और चालक प्रमोद ध्यानी वाहन संख्या में यूके 07जीए 2770 पर नगीना बिजनौर में पेशी ले लिए ला रही थी। बताया गया है कि सुबह करीब साढ़े 4 बजे जब अल्मोड़ा पुलिस कैदी को लेकर काशीपुर कोतवाली अंतर्गत होटल प्रेमदीप के पास पहुंचे तो तभी कैदी ने लघुशंका की इच्छा जाहिर की। जिस पर पुलिस ने वाहन सड़क किनारे रोक लिया। इसी दौरान शाहनवाज पुलिस कर्मियों को धक्का देकर हथकड़ी समेत फरार हो गया। पुलिस टीम ने उसे पकड़ने की कोशिश की लेकिन असफल रही। सूचना पर काशीपुर कोतवाली पुलिस ने भी सर्च अभियान चलाया लेकिन फरार कैदी का कोई पता नहीं चला। मामले में कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि फरार आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है उसकी तलाश की जा रही है। वही सीओ वंदना वर्मा ने बताया कि अल्मोड़ा जेल से एक एसआई समेत तीन पुलिस कर्मी शाहनवाज (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम ने किया पुलिस विभाग के नए भवन का उद्घाटन

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को पुलिस विभाग के नए सरदार पटेल भवन का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने पुलिस की ईबीट एप भी लांच की। वहीं, पुलिस ट्रेनिंग के नए पाठ्यक्रम का भी सीएम ने विमोचन



किया। इसके बाद बैठक में उन्होंने कहा कि पुलिस के आवास और कार्यालय बढ़ाने के लिए जल्द कदम उठाए जाएंगे। उत्तराखंड पुलिस का आवास प्रतिशत 18 फीसदी है जो कि बहुत कम है। इसे जल्द से जल्द बढ़ाया जाएगा। (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार खाई में गिरने से चालक की मौत



अल्मोड़ा।फलसीमा के पास एक कार खाई में गिरने से चालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार फल सीमा अल्मोड़ा के पास सड़क दुर्घटना की सूचना पर सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद व सीओ ट्रैफिक अल्मोड़ा ओशिन जोशी सहित प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा अरुण कुमार व कोतवाली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, फायर यूनिट अल्मोड़ा, एसडीआरएफ व एसएसबी की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचे घटनास्थल पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त होकर सड़क से लगभग 700 मीटर नीचे खाई में गिरी हुई थी। टीमों ने खाई में उतरकर तत्काल रेस्क्यू कार्य प्रारम्भ करते हुए मुर्छित एवं गंभीर रुप से घायल अवस्था में मिले वाहन चालक सुनील आर्या पुत्र प्रेम राम आर्या निवासी उडयारी हवालबाग, अल्मोड़ा को स्टेचर के माध्यम से सड़क मार्ग पर लाया गया तथा एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु बेस चिकित्सालय अल्मोड़ा भिजवाया गया व घायल व्यक्ति के परिजनों को भी सूचना दी गई। कार संख्या–यू0के0 01 सी– 4290 पूर्ण रुप से क्षतिग्रस्त हो गया थी। रेस्क्यू कार्य के दौरान कार में अन्य कोई सवार नही मिला, वाहन चालक के मुर्छित होने के कारण वाहन में अन्य सवार यात्रियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त नही होने के कारण घटनास्थल पर मौजूद पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आस–पास के क्षेत्र में छानबीन की। गंभीर रुप से घायल वाहन चालक सुनील आर्या को बेस अस्पताल अल्मोड़ा ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने सुनील आर्या को मृत घोषित कर दिया।

## नैनीताल से लौट रहे सैलानियों की कार खाई में गिरी, एक की मौत, सात घायल

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल से लौट रहे पर्यटकों की कार नैनीताल रोड आमपड़ाव के पास 150 फुट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में नौ साल की बालिका की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए।जानकारी के मुताबिक, झनकट खटीमा निवासी मो. परवेज अपनी कार पर परिवार के साथ नैनीताल घूमने गए थे। सोमवार को वे लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, कार में तीन पुरुष, तीन महिलाएं और दो बच्चे सवार थे। दोपहर करीब दो बजे आम पड़ाव मटियाली बैंड के समीप संकरी पुलिया पर अनियंत्रित हुई कार खाई में जा गिरी। इससे मौके पर चीख–पुकार मच गई जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां बड़ी–बड़ी चट्टानें हैं। स्थानीय युवाओं, यात्रियों और चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार, पुलिस कर्मी दिनेश कार्की ने घायलो को किसी तरह खाई से निकालकर एंबुलेंस व अन्य वाहनों से हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा। 9 वर्षीय आयशा पुत्री मो. परवेज को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि 22 वर्षीय आमिर ,45 वर्षीय नसरीन , 30 वर्षीय रूकसा,8 वर्षीय रायशा,47 वर्षीय मोहियुद्दीन,17 वर्षीय मंतशा और 35 वर्षीय मो. परवेज को भर्ती किया गया है।

## हादसे में पिता की मौत, पुत्री गंभीर

रूद्रपुर। बाइक पर दिनेशपुर से लौट रहे किराना व्यवसाई सुरेश कुमार की मटकोटा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जिसका रुद्रपुर के निजी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार लालकुआं गौला रोड स्थित सुरेश किराना स्टोर के स्वामी किराना व्यवसाई 52 वर्षीय सुरेश कुमार अपनी पुत्री अंजली सरकार के साथ बाइक पर दिनेशपुर से लालकुआं की ओर आ रहे थे कि अचानक दिनेशपुर के मटकोटा मोड़ पर एक (शेष पृष्ठ सात पर)

## ट्रेन की चपेट में आने से होमगार्ड की दर्दनाक मौत

रामनगर।सोमवार की देर रात ट्रेन की चपेट में आकर एक होमगार्ड की दर्दनाक मौत हो गई घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि पुलिस



को सूचना मिली कि रामनगर रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर ट्रेन की पटरी पर एक व्यक्ति का कटा हुआ शव पड़ा हुआ है सूचना के बाद कोतवाली पुलिस एवं जीआरपी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और उन्होंने शव को कब्जे में (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक के साथ घूमती मिली दो किशोरियां ,लोगों ने थाना घेरा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। यहां भोटिया पड़ाव क्षेत्र में ठंडी सड़क पर गत देर सायं मुरादाबाद से हल्द्वानी रिश्तेदारी में आई नाबालिग लड़की को सहेली संग युवक के साथ घूमते लोगों ने पकड़ कर बनभूलपुरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया और प्रेमी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर थाने का घेराव कर जमकर हंगामा काटा। सूचना मिलने पर एसएसपी के समझाने पर रोषित लोग शांत हुए। बताया जाता है कि दो नाबालिक किशोरियां एक युवक के साथ ठंडी सड़क पर घूम रही थीं। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बनभूलपुरा के कुछ युवकों ने नाबालिग को पहचान लिया। दोनों को अलग–अलग समुदाय का होने के कारण युवकों ने तीनों को पकड़ लिया और इन्हें बनभूलपुरा थाने को सौंप दिया। साथ ही किशोरी के परिजनों को मामले से अवगत कराया। किशोरी के रिश्तेदार बनभूलपुरा क्षेत्र में रहते हैं। जबकि युवक राजपुरा क्षेत्र का रहने वाला है। सूचना पर देर रात मुस्लिम समाज के लोगों ने बनभूलपुरा थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने किसी तरह उन्हें समझाकर शांत किया। एसएसपी पंकज भट्ट ने बताया(शेष पृष्ठ सात पर)

## कार की टक्कर से बाइक चालक और दो बच्चे घायल

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार की सुबह बालाजी मंदिर के समीप से कोसी बैराज जाने वाली सड़क पर एक इनोवा कार चालक ने बाइक पर जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार सहित बाइक पर दो सवार बच्चे घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए घायलों को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां एक घायल की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाबालिक बहन का हत्यारा भाई गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत माह नाबालिग लडकी की हत्या कर उसे कब्रिस्तान में दफना देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके नाबालिग भाई को अपने संरक्षण में ले लिया है । जबकि उसके पिता को पुलिस पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। मामले का खुलासा करते हुए पुलभट्टा थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट ने बताया कि गुड्डू पुत्र मेहमूद शाह निवासी वार्ड नं0 19 सिरौलीकला किच्छा द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था जिसमें उसने अपनी भांजी सोनी आयु 14 वर्ष को उसके पिता जाकिर अली पुत्र भूरे व उसके नाबालिग भाई निवासीगण वार्ड न0 20 सिरौलीकला पुलभट्टा द्वारा 22 मई को जान से मार देने व रात्रि में ही कब्रिस्तान में दफना देने का आरोप लगाया था। उन्होंने बताया कि उप जिलाधिकारी किच्छा के आदेशानुसार मृतका सोनी का शव वार्ड नं0 20 के कब्रिस्तान से निकालकर पंचनामा भरा गया व उसका पोस्टमार्टम सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी नैनीताल में कराया गया। मृतका की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण गर्दन दबने के कारण की पुष्टि हुई है। अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया । (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और बस की भिड़ंत में महिला की मौत,तीन घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हल्द्वानी से दिल्ली जा रहा परिवार की कार को टांडा जंगल में निजी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गयी जबकि पति



और पुत्र सहित तीन लोग घायल हो गये। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मल्ला गोरखपुर निवासी तजिंदर सिंह अपने पुत्र प्रभजोत सिंह, पत्नी मनप्रीत कौर और मित्र सुखवीर सिंह के साथ कार से दिल्ली जा रही थी। कार को सुखवीर चला रहा था। टाडा जंगल में रेलवे फाटक से पीछे एक निजी बस ने कार को टक्कर मार दी। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में कार में सवार चारों लोग घायल हो गये। राहगीरों की मदद से घायलों (शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में कमरे में फंदे से लटका मिला युवक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक अपने कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से रिच्छा बरेली निवासी 19 वर्षीय रंजीत सिंह पुत्र नरेश सिंह सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था और फुलसुंगा में किराये के मकान में रहता था। बताया गया है कि बीती शाम पड़ोसी किरायेदार जब उसके कमरे में पहुंचा तो रंजीत सिंह डिस की तार से बने फंदे पर लटका हुआ था जिससे आस पास के लोगों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के कमरे से उसका बायोडाटा मिला है। वह छह माह से यहां रह रहा था। फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

# मोदी सरकार ने पेश की सेवाभाव की मिसाल: समीर आर्य

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर चलाये जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के तहत सोमवार को नगर निगम सभागार में भाजपा अनुसूचित मोर्चा की ओर से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य एवं कार्यक्रम संयोजक





भाजपा अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मेयर रामपाल सिंह ने केन्द्र सरकार की उपलब्धियां बतायी और युवाओं से सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाने का आहवान किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर प्रदेश अध्यक्ष समीर आर्य का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता समीर आर्य ने कहा कि नौ साल पहले प्रचंड बहुमत के साथ जनता ने जो सरकार चुनी थी, वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरी है। पीएम मोदी ने बिना रूके 24 घंटे जनता के हितों के लिए काम किया है। पीएम मोदी ने इस सोच के साथ काम किया है कि, 140 करोड़ नागरिकों तक सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पहुंचे। सरकार ने निरंतर विकास की दिशा में काम किया है। इसी के चलते आज भारत विश्व पटल पर अपनी नई मजबूत अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता है। मोदी सरकार ने सेवाभाव की मिसाल पेश की है और यह विश्वास जगाया है कि सरकार प्रत्येक दिशा में सेवाभाव से काम करते हुए विश्व के सबसे युवा लोकतंत्र को नई उम्मीदों के साथ बुलंदियों पर ले जाएंगे। नौ वर्ष के इस कार्यकाल में सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है शोषितों और वंचितों को हर हाल में उनका हक मिलेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोले हैं। युवा वर्ग आज सिर्फ नौकरी के लिए नहीं भाग रहा बल्कि खुद लोगों को रोजगार भी दे रहा है। युवाओं को आत्म निर्भर बनने का मंत्र देकर मोदी सरकार ने युवाओं को नई दिशा देने का काम किया है। सरकार की नीतियों के चलते आज देश का युवा स्वरोजगार अपनाकर तरक्की की राह में आगे बढ़ रहा है। श्री आर्य ने कहा कि पीएम मोदी युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं उन्होंने अपनी कार्यशैली से युवाओं में भी जोश भरा है। कार्यक्रम संयोजक मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंन्द्र मोदी ने सुशासन के संकल्प के साथ गरीबों और वंचितों को समाज में सम्मान सुरक्षा दिलाने का वादा किया था, जिसको उन्होंने पूरा करके दिखाया है। मेयर ने कहा मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ आवास, देशभर में 11.72 करोड़ शौचालय, हर घर नल हर घर जल योजना के तहत 12 करोड़ घरों में पानी कनेक्शन, 9.6 करोड घरों को मुफ्त गैस कनेक्शन, कोविड महामारी के दौरान 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख तक का ईलाज और जन औषधि केंन्द्र और किसान सम्मान निधि योजना के तहत हर किसान को सालाना 6 हजार रूपये जैसे ऐतिहासिक कार्य किये हैं। पीएम मोदी ने नौ वर्ष में जो कर दिखाया है उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। नौ वर्ष के ऐतिहासिक कालखंड में सीमा सुरक्षा के साथ अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में भी बेहतर कार्य हुए हैं। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आज दूरस्थ इलाकों में बैठे गरीबों और वंचितों को भी मिल रहा है। जनधन खातों के माध्यम से गरीबों और किसानों के खातों में सीधा पैसा पहुंच रहा है। मोदी सरकार के यह नौ साल हर वर्ग को, हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को समर्पित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का प्रधान सेवक रहते हुए जनकल्याण को अपना ध्येय माना है और हर भारतीय के उत्थान के लिए काम किया है। युवा संवाद कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश परिहार, भारत भूषण चुघ, हिमांशु शुक्ला, धर्म सिंह कोली ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुसूचित मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रसेन कोली ने किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विकास शर्मा पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, युवा पंजाबी महासभा प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक सक्सेना, भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र बाल्मीकि युवा भाजपा नेता हिमांशु शुक्ला मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, विकी बाल्मीकि, मदन दिवाकर,पार्षद बबलू सागर प्रमोद शर्मा पवन गुप्ता विनय विश्वास शैलेंद्र रावत रामकिशन कोली सुशील चौहान विधान राय डॉक्टर राकेश सिंह सुनील बाबा वीरेंद्र तिवारी, अंकित हिडाले, विकास सागर ,मुकेश राजोरिया रंजीत कुमार सोनू मुल्तानी मोर सिंह यादव शिव कुमार शिव गजेंद्र प्रजापति, राज कोली, अजय राय असीमानंद गुहा, बंटी राजोरिया, जोगेंद्र कोली, सुभाष यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# वार्ड 6 में भूपेन्द्र कुमार बने कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर में कांग्रेस की वार्ड कमेटियों के गठन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा ने वार्ड 6 जगतपुरा में आयोजित सभा में सर्वसम्मति से भूपेन्द्र कुमार को वार्ड का अध्यक्ष घोषित किया। नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष का सभी कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़कर आये कई लोंगों ने कांग्रेस में शामिल होने का ऐलान भी किया। साथ ही कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन पर केक भी काटा और राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गों को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। कांग्रेस ने कभी भी धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांटने की कोशिश नहीं की। जबकि भाजपा ने हमेशा सत्ता पर बने रहने के लिए लोगों को जाति धर्म के नाम पर लड़ाने का काम किया है। भाजपा ने नफरत फैलाने का काम कर रही है जबकि कांग्रेस ने हमेशा देश को जोड़ने की बात कही है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचार के रिकार्ड टूट चुके हैं। सरकारी मशीनरी भाजपा नेताओं की कठपुतली



बन चुकी है। कभी अतिक्रमण के नाम पर तो कभी सत्यापन के नाम पर जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। चुनाव के समय नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने का वायदा करने वाली सरकार लोगों को उजाड़ने पर तुली है। सैकड़ों लोगों की दुकानें तोड़ दी गयी है और हजारों लोगों को बेघर कर दिया गया है। इतना सब कुछ होने के बाद मुख्यमंत्री अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेवार ठहरा रहे हैं जबकि उन्होंने खुद सार्वजनिक मंच से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिये थे। अगर मुख्यमंत्री वास्तव में जनता के हितैषी हैं तो उन लोगों का पुनर्वास करायें जिन्हें प्रशासन ने उजाड़ा है। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि सत्यापन के नाम पर लोगों में दहशत का माहौल बनाया जा रहा है। किरायेदार और मकान मालिक सभी पुलिस की मनमानी से त्रस्त हो चुके हैं। सत्यापन की जो प्रक्रिया अपनायी जा रही है वह व्यवहारिक नहीं है। पुलिस का सत्यापन अभियान उद्देश्य से भटककर वसूली तक ही सिमटता नजर आ रहा है। कांग्रेस इसके खिलाफ चुप नहीं बैठेगी और जनता के शोषण के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल भसीन ने कहा कि भाजपा की इस मानसिकता को लोग पहचान चुके हैं और उसे सबक सिखाने के लिए तैयार बैठे है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के घमंड को चूर करने के लिए बार जनता को निकाय चुनाव में सोच समझकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना होगा। इस अवसर पर होरी लाल,नेमचन्द ,कन्हैया,ओमकारा सिह तोमर, तेजपाल, अजय पाण्डे ,छोटे लाल ,अनिस, अहमदनवि, जयराम, राम बहादुर, लल्लू प्रजापति, शान्ति देवी, जाबेद, विजय पाल सिंह, हीरालाल, उमेश गोस्वामी, महेश गोस्वामी , तुलसीदास, कृष कुमार, हेमंत कुमार, बिनोद,हरि सिंह, बिनोद सिह, नन्दकिशोर प्रजापति, अनिल प्रजापति आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।

# मोबाइल चोर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लोगों के घरों से मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 17 जून को सुरेंद्र मौर्य पुत्र नंदलाल निवासी ग्राम ढिरिया थाना रामपुर उत्तर प्रदेश हाल निवास किराएदार सोनू सुयाल श्याम कॉलोनी ने कोतवाली मेरपट दर्ज कराई थी कि 20 मई को अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उसके घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर लिए गए हैं। मामले की जांच उप निरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज चौकी प्रभारी मंडी के सुपुर्द की गई। मामले के खुलासे के लिए हरेंद्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित की गई। टीम द्वारा सुरेंद्र के घर के आस-



पास लगे सीसीटीवी कैमरों का बारीकी से अवलोकन किया गया। सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने के पश्चात मोबाइल चोरी करने वाले प्रकाश में है आए व्यक्ति मुकेश वर्मा पुत्र स्वर्गीय विष्णु वर्मा निवासी मैलानी लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश हाल निवासी आवास भोटिया पड़ाव को तीनपानी तिराहा मंडी से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पुलिस टीम में उप निरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज चौकी प्रभारी मंडी, हेड कांस्टेबल इसरार नवी, कॉन्स्टेबल अरुण राठौर व बंशी जोशी शामिल थे।

# मांगों को लेकर आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन ने उठाई आवाज

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उधम सिंह नगर जिले की आशाओं को पिछले 8 महीनों का बकाया राशि का भुगतान नही होने से नाराज आशाओं ने ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना- प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया। इस दौरान उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन के प्रदेश महामंत्री कैलाश पांडे ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ग्राउंड स्तर का सारा काम आशा वर्कर से कराता है। लेकिन वेतन के नाम पर उनको न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जाता है। तमाम संघर्षों के बाद आशा वर्कर्स ने जो मानदेय हासिल भी किया है उसे भी शासन-प्रशासन महीनों तक लटका देता है। ऐसा लगता है कि शासन-प्रशासन आशाओं से बंधुआ मजदूरी करा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास विज्ञापन में खर्च करने के लिए तो खूब पैसा है लेकिन आशाओं को उनके काम का मानदेय देने के लिए पैसा नही है। उन्होंने कहा कि आशाओं को हर महीने वेतन मिलना चाहिए ताकि वह सुचारू रूप से अपना जीवन यापन कर सकें और ग्राउंड पर जाकर काम कर सकें। यूनियन की प्रदेश उपाध्यक्ष रीता कश्यप ने कहा कि हमें अपने काम का पूरा दाम तो नहीं मिलता है लेकिन जो आशाओं के काम का तय पैसा मिलना चाहिए वह





भी समय पर नहीं दिया जा रहा है। जिला उधमसिंहनगर की आशाओं की मासिक प्रोत्साहन राशि व कार्य से संबंधित किसी भी पैसे का भुगतान अक्टूबर 2022 से नहीं हुआ है बार-बार पूछने पर सिर्फ आश्वासन ही मिलता है। ज्यादा जोर देने पर प्रशासनिक अधिकारी बोलते हैं कि काम छोड़ दो ।उन्होंने कहा कि हम आशा स्वास्थ्य विभाग के तहत होने वाले हर काम को ग्राउंड स्तर पर करते हैं लेकिन थोड़ी सी चूक हो जाने पर निकालने की धमकी दी जाती है। स्वास्थ्य विभाग अपनी हर नाकामी का ठीकरा आशा वर्कर्स पर ही देता फोड़ देता है। नैनीताल से पहुंची आशा यूनियन अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि जब नैनीताल समेत विभिन्न जिलों में आशाओं को पैसा मिल चुका है तब केवल उधमसिंहनगर की आशाओं के साथ ही यह अन्याय क्यों इसका जवाब सरकार को देना चाहिए। आशाओं के प्रतिनिधिमंडल ने अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह को ज्ञापन देकर 8 माह का वेतन देने और भविष्य में समय से वेतन देने तथा दिवंगत आशा कार्यकर्ती धर्मा बिष्ट निवासी किच्छा व मुन्नी देवी जसपुर दोनों के परिवारों को उचित मुआवजा व नौकरी देने की मांग की। इस दौरान डा कैलाश पाण्डेय, कमला कुंजवाल, रीता कश्यप, ललित मटियाली, ममता पानु, बबीता कश्यप, सुधा शर्मा, कुलविंदर कौर, सिमरन, मंजु, निर्मला, शबाना , बेगम , मुन्नी देवी, रेखा श्रीवास्तव ,कुसुम चौहान, अंजू चौहान, विमला चौधरी ,गीता गोस्वामी, आविदा परवीन, चरणजीत कौर, उषा देवी, हेमा अरोड़ा ,संध्या, वचन कौर राधारानी , मंजू ,सरोज , गीता देवी , मोनिका , मंजू कश्यप, शशिबाला ,दीपा कोरंगा, इंदिरा रावत, खुशनुमा , सफीना ,अनीता सिंह, सीमा कौर ,प्रभादेवी, मनजीत, ममता जोशी , कमलजीत कौर, शारदा चौहान, चंद्रावती , गुरमीत कौर ,शारदा देवी, अनिता सिंह, कुमारी, ममता राठौर, मंजू कुशवाहा, गीता मजूमदार ,सुरमा सुतार , भानुमति चंपा ढाली,विनती बैरागी, विमला जोशी, लक्ष्मी रावत, रेशमा, दिव्या भारती, सपना भट्ट भद्रावती, रजनी, तारा भट्ट, सोनमती सहित सैकड़ों आशा कार्यकर्ती मौजूद थी।

# चलती बस में ड्राईवर हुआ बेहोश, मचा हड़कम्प

## नशे में था रोडवेज बस चालक, सीआईएसएसफ के असिस्टेंड कमांडेंट की सूझ बूझ से टला बड़ा हादसा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी से दिल्ली जा रही रोडवेज बस का चालक अचानक बेहोश हो गया। इससे बस अनियंत्रित होकर टांडा जंगल रोड पर 100 की स्पीड में दौड़ने लगी। बस में सवार 55 से अधिक यात्रियों में चीख-पुकार मच गयी। बस में सवार सीआइएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट की सूझ बूझ से बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बस चालक का मेडिकल परीक्षण कराया तो वह नशे में था। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड परिवहन निगम की बस यूके-04-पीए -1928 में सवार यात्रियों के मुताबिक सोमवार दोपहर बस हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से दिल्ली के लिए निकली थी। 55 सीटर बस में 55 से अधिक सवारी थी। हल्द्वानी में ही बस चालक ने एक दुकान के पास बस रोकी और कुछ सामान लिया। जिसके बाद हल्द्वानी से बस रुद्रपुर की ओर आ गई। टांडा जंगल स्थित नैनीताल रोड पर अचानक बस अनियंत्रित हो गई और 100 की स्पीड से सड़क पर दौड़ने लगी। साथ ही बस का चालक भी स्टेयरिंग पर बेहोश हो गया। इससे बस टांडा जंगल नैनीताल रोड पर अनियंत्रित हो गई। चालक के स्टेयरिंग पर गिर जाने से उसमें सवार यात्रियों के होश उड़ गए। बस में चीख पुकार मच गयी। यह देख बस में सवार असिस्टेंट कमांडेंट सीआइएसएफ सोनू शर्मा अपनी सीट से उठे और चालक की सीट तक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कंडक्टर और अन्य यात्रियों की मदद से पहले चालक को सीट से हटाया। इसके बाद असिस्टेंट कमांडेंट से खुद चालक की सीट संभाली और बस को नियंत्रित करते हुए सड़क किनारे रोक लिया। जिसके बाद डरे सहमे यात्री एक के बाद एक बस से उतर आए। बाद में सूचना पर उत्तराखंड रोडवेज के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ ही पुलिस भी पहुंच गई। लोगों ने चालक और कंडक्टर का मेडिकल कराने की मांग की। जिस पर पंतनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को मेडिकल परीक्षण के लिए ले गयी। परीक्षण में चालक नशे में निकला। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।




# व्यापारियों ने किया मान्या वर्मा को सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल की टीम द्वारा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 258 वीं रैंक प्राप्त कर उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करने वाली मान्या वर्मा पुत्री सीएल वर्मा मूल निवासी पिथौरागढ़ को सम्मानित किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने कहा कि बिटिया की इस उपलब्धि पर हम सभी व्यापारी स्वयं को



गौरवान्वित महसूस करते है और इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है। संगठन की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा कुसुम दिगारी ने कहा कि मान्या की इस उपलब्धि पर हम महिलाएं खुद पर गौरवान्वित महसूस करती हैं। यह देश प्रदेश की हर बेटी के लिए गौरव का पल है। सम्मानित करने वालों में संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे महिला जिला महामंत्री उर्वशी बोरा, गीता बिष्ट, प्रदेश मंत्री दिगंबर वर्मा सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# शराब की दुकान नहीं लूट पाए तो लगा दी आग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अंग्रेजी शराब की दुकान में लूट के इरादें से आए बदमाशों को जब अपने मकसद में कामयाबी नहीं मिली तो उन्होंने दुकान में आग लगा दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम में तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। जिससे दुकान में काफी कम नुकसान हुआ। वही शराब की दुकान के स्वामी महेंद्र बिष्ट ने पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है। पुलिस ने दुकान स्वामी की तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। शराब की दुकान के स्वामी महेंद्र बिष्ट ने बताया कि कुछ बदमाशो ने उनकी अंग्रेजी शराब की दुकान में लूट करने के इरादे से घुसने की कोशिश की। जब वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए तो उन्होंने दुकान में आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। बताया जाता है कि घटना के समय दुकान में लाखों रुपए की शराब थी जो बच गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# अवैध शराब के खिलाफ चलाया अभियान

किच्छा(उद संवाददाता)। कलकत्ता पुलिस चौकी थाना किच्छा द्वारा अवैध शराब के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम के तहत पुलिस ने भारी मात्रा में कच्ची शराब सहित शराब बनाने की उपकरण जप्त किए है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि भूता नाला किनारे स्वर्ण सिंह उर्फ सोनू पुत्र दिलीप सिंह निवासी धौरा डैम नजीराबाद थाना किच्छा कच्ची शराब बनाने का काम कर रहा है पुलिस ने मौके पर छापा मारकर 60 लीटर कच्ची शराब बरामद कर लगभग 700 लीटर लहन नष्ट कर दिया तथा मौके पर शराब बनाने की तमाम उपकरणों को जप्त कर लिया। चौकी प्रभारी दिनेश चंद्र भट्ट ने बताया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में अवैध शराब के कार्य में लिप्त लोगों की सूचना मिल रही थी। पुलिस कप्तान के नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान को सफल बनाने के बनाने के आह्वान के तहत कार्यवाही की जा रही है कथा क्षेत्र में कच्ची शराब नशे के इंजेक्शन अन्य नशीले पदार्थों को बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है पुलिस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल राजेश यादव कांस्टेबल नीरज जोशी शामिल थे।

# ऑपरेशन से किन्नर बने युवक ने किन्नरों की अश्लील वीडियो कर दी वायरल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ऑपरेशन से किन्नर बने एक युवक द्वारा असली किन्नरों की अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी किन्नर बने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर सौंप दी गई है। आरोपी युवक अब असली किन्नरों के लिए परेशानियों का सबब बन चुका है। आरोप है किन्नर बने युवक ने न सिर्फ असली किन्नरों की अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दी, बल्कि अब वह उन्हें ब्लैकमेल भी कर रहा है और जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस को दी तहरीर में वार्ड 25 आजादनगर काठगोदाम निवासी कामिनी किन्नर का कहना है कि वह यहां राहुल उर्फ काजल किन्नर, राधिका किन्नर, चांदनी किन्नर, रेखा किन्नर के साथ रहती है। सभी हल्द्वानी, लालकुआं, चोरगलिया, हल्दूचौड़, मोटाहल्दू, गोरापड़ाव और तीनपानी क्षेत्र में बधाइयां देने व नेग मांगने का काम करते हैं। उसका आरोप है कि काठगोदाम निवासी एक किन्नर आपराधिक किस्म का है। वह अपना लिंग परिर्वतन कराकर किन्नर बना है। उसके पास उनकी आपत्तिजनक वीडियो हैं। वीडियो के दम पर वह उन्हें ब्लैकमेल करता है और जब विरोध किया तो उसने वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। अब वह किन्नर बना युवक जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी किन्नर बनकर अवैध वसूली करता है और इसका विरोध करने पर वह आत्महत्या की धमकी देता है। साथ ही सुसाइड नोट छोड़कर उन्हें फंसाने की बात भी करता है। सीओ भूपेंद्र सिंह धौनी ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

# स्ट्रीट लाइट लगाने को पार्षदों ने दिया महापौर को ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वार्ड 57, 58, 59, 60 के पार्षदो ने स्ट्रीट लाइट नही लगने से जनता में हो रहे आक्रोश को लेकर महापौर को सामूहिक ज्ञापन सौंपा। पार्षदो का कहना है कि अभी तक सिर्फ आश्वासन ही मिल रहे है। पार्षदो



ने कहा कि जनता हर वक्त लाइट के लिए ही बोलती है जिस पर महापौर द्वारा जल्द ही स्ट्रीट लाइट लगाने का आस्वासन दिया गया। पार्षदो ने कहा यदि लाइट नही लगी तो नगर आयुक्त से मुलाकात की जाएगी। इस दौरान पार्षद मनोज जोशी, मनोज मठपाल , दिनेश सिंह, रहीस अहमद मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने चौकिंग करते एक नशा तस्कर को जरकिन में अवैध शराब ले जाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा व कांस्टेबल किशन सिंह चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान अरुण कुमार पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी अरुण ढाबा बिंदुखेड़ा मोड़ के पास, रुद्रपुर स्थाई निवासी ग्राम चठोरा थाना खानपुर जिला बुलंदशहर उत्तर प्रदेश को गैलन में भरी 20 लीटर नाजायज शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर अरुण के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चुनाव 20 जुलाई को

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड के त्रिवार्षिक चुनावों आगामी 20 जुलाई को हल्द्वानी में संपन्न कराए जायेंगे। पत्रकार वार्ता में इस आशय की विधिवत् घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने बताया कि प्रान्तीय व्यापार प्रतिनिधि मंडल, उत्तराखंड के चुनाव आगामी माह 20 जुलाई को हल्द्वानी में सम्पन्न होंगे। उन्होंने बताया निवर्तमान कार्यकाल में अधिकांश समय कोरोना महामारी का रहा। प्रदेश अध्यक्ष श्री वर्मा ने बताया उत्तराखंड



में हमारे 19 जिले और 371 नगर मंडल है। पूरे उत्तराखण्ड में लगभग 7.30 लाख व्यापारी हमारे सदस्य हैं। पूर्व में प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा मनोनीत चुनाव अधिकारी प्रमोद गोयल को ही मुख्य चुनाव अधिकारी का दायित्व दिया जा रहा है। साथ में सहयोगी चुनाव अधिकारी के रूप में गढ़वाल मंडल प्रभारी सूर्य कुमार बिष्ट, कुमाऊं मंडल प्रभारी अश्विनी छावड़ा, राजेश अग्रवाल व गुलशन छावड़ा चुनाव अधिकारी होंगे।उन्होंने बताया कि चुनाव संचालन हेतु चुनाव संचालन समिति का चयन मुख्य चुनाव अधिकारी एवं चुनाव अधिकारियों द्वारा किया जा सकता है। इस बीच चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। पत्रकार वार्ता के दौरान बाबूलाल गुप्ता, नवीन वर्मा, प्रमोद गोयल, प्रकाश मिश्रा निवर्तमान प्रदेश महामंत्री, चन्द्रशेखर पंत, मनोज अरोड़ा, नवनीत राणा, विपिन गुप्ता, हर्षवर्द्धन पाण्डे, योगेश शर्मा, रूपेंद्र नागर आदि उपस्थित थे।

# दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत थाना दिनेशपुर पुलिस ने अभियान के दौरान दो वारंटियों को घर से दबोच लिया। पुलिस जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी के निर्देश दिए जिले में संदिग्धों, वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है। इसी धरपकड़ में दिनेशपुर एसओ अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में वारंटियों की गिरफ्तारी को अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने



दो वारंटियों को घर से दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि -हरजिन्दर सिंह उर्फ पिन्टू पुत्र प्रीतम सिंह निवासी रायपुर थाना रुद्रपुर,विमल मौर्या पुत्र रामचन्द्र मौर्य निवासी नगर डिवाईन सिटी कालीनगर है। उन्होंने बताया कि दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि संदिग्धों पर भी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में एस शआई मनोज कुमार, एसआई नवीन चन्द्र सुयाल, कुलदीप शाह,प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे।

**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


**जगदीश**
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# क्या किसी भीषण अग्निकांड के इंतजार में है स्थानीय प्रशासन ?

## ❑फायर सेफ्टी के मानकों की अनदेखी कब तक?
## ❑बड़े हादसे की वजह बन सकते हैं रुद्रपुर के रेस्टोरेंट्स

–अर्श–

रूद्रपुर। रामपुर–नैनीताल हाईवे पर आवास विकास स्थित मसाला टाउन रेस्टोरेंट मे आग लगने की घटना, पखवाड़े भर के भीतर रुद्रपुर शहर में आग भड़कने की दूसरी बड़ी घटना है। इसके पूर्व किच्छा रोड स्थित एक पेंट की दुकान भी कुछ दिनों पूर्व आग भड़कने के कारण पूरी तरह खाक हो गई थी। आग लगने का कोई भी कारण हो सकता है मसलन शॉर्ट सर्किट सिलेंडर से आग भड़कना या अन्य कोई मानव जनित असावधानी अथवा किसी प्राकृतिक घटना के चलते भड़की आग आदि।आग लगने पर किसी का वैसे तो कोई काबू नहीं है लेकिन आग लगने की घटनाएं बहुतायत में ना हो ऐसी सावधानी तो कम से कम रखी ही जा सकती है। देखने में आया है कि शहर की अनेक बहुमंजिला इमारतों बहुमंजिला शॉपिंग कंपलेक्स एवं तमाम छोटे–बड़े रेस्टोरेंट में आग से लड़ने समुचित व्यवस्था नहीं है। तमाम ऐसे छोटे बड़े रेस्टोरेंट हैं जहां रोजाना गैस सिलेंडर का इस्तेमाल होता है और तनिक भी असावधानी से आग भड़कने की पूरी आशंका रहती है बताने की जरूरत नहीं कि उपरोक्त





सभी स्थानों पर लोग इकट्ठे होते हैं। अमूमन भीड़भाड़ रहती है और आग लगने की स्थिति में जान माल की संभावना भी हो सकती है। बावजूद इसके शहर के अधिकांश रेस्टोरेंट्स में मानकों के अनुरूप अग्निशमन व्यवस्था तो छोड़िए ,काम चलाऊ अग्निशमन व्यवस्था तक नहीं है। विडंबना तो यह है कि शहर में फायर सेफ्टी को लेकर की जा रही इस कोताही की ओर जवाबदेहों की नजर तनिक भी नहीं है। बात शहर की बहुमंजिला इमारतों की करें तो ,इन इमारतों के स्वामी 15 मीटर से कम ऊंचे भवनों को ,अग्निशमन विभाग से एनओसी प्राप्त करने की सरकारी छूट को ढाल बनाकर ,हर 3 साल अथवा 5 साल में फायर सेफ्टी पर एनओसी प्राप्त करने की बंदिश से तो बच ही जाते हैं, साथ ही वे अग्निशमन की साधारण व्यवस्थाएं मसलन सेकंड, फ्लोर के लिए 10 और थर्ड फ्लोर के लिए 15000 लीटर की पानी की टंकी के साथ फायर पंप की व्यवस्था आदि से भी खासा परहेज करते हैं।ऐसे में उनसे इन भवन स्वामियों से यह अपेक्षा ही नहीं की जा सकती कि वह अपने बहुमंजिला भवनों में फायर सिलेंडर ,होज–रील तथा फायर हाइड्रेंट आदि की व्यवस्था करने का विचार तक करेंगे।आग भड़कने की ताजा घटना की अगर गहन जांच हो तो निश्चित ही इसके पीछे फायर सेफ्टी के साधारण मानकों की घोर उपेक्षा ही सामने आएगी। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि फायर सेफ्टी के साधारण मानकों की के प्रति बरती जा रही ऐसी उदासीनता की? अनदेखी कब तक की जाएगी और क्या प्रशासन किसी बड़े अग्निकांड के बाद ही होश में आएगा ? फायर सेफ्टी के मानकों की उपेक्षा पर प्रशासन बेशक कोई कार्यवाही ना करे,पर वह जन सामान्य को फायर सेफ्टी के प्रति जागरूक तो कर ही सकता है। कम से कम एक एडवाइजरी तो उसके द्वारा जारी ही की जा सकती है। इसके अलावा प्रशासन को अगर बहुमंजिला इमारतों में संचालित कोचिंग इंस्टिट्यूट और रेस्टोरेंट्स के फायर सेफ्टी अरेंजमेंट की समीक्षा करने की सूझ जाए तो और भी अच्छा रहेगा।पूरे बरस भर ना सही, लेकिन गर्मियों में तो ऐसी समीक्षा की ही जानी चाहिए। आशय यह है कि गर्मियों के मौसम में केवल उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा अग्नि निवारक सुरक्षा अधिनियम प्रावधानों से लिपटे रहना बुद्धिमत्ता नहीं होगी ,बल्कि धरातल की यथार्थता के तकाजे के मद्देनजर ,आपसी सहमति से सर्व स्वीकार्य नए मानक भी तय किए जाने की आवश्यकता है।तभी आग भड़कने की घटनाओं को कम किया जा सकेगा। अब लाख टके का सवाल यह है कि क्या स्थानीय प्रशासन एवं शहर के आमजन को ऐसी आवश्यकता महसूस होगी या फिर व्यवस्था तंत्र में बैठे लोग शहर में कोई भीषण अग्निकांड होने पर ही जागेंगे ?

# फंसे लोगों को रेस्क्यू कर निकाला

## बहुमंजिला कांपलेक्स में भड़की आग से करोड़ो की क्षति का अनुमान



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित बहुमंजिला कांपलेक्स मे गत सायं अज्ञात कारणों के चलते भयानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटों ने कांपलेक्स में स्थित मसाला टाउन रेस्टोरेंट, इंडसइंड बैंक, ग्लोबल इंडिया फाइनेंस एवम वाइन शॉप को अपनी चपेट में ले लिया । कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे हाईवे पर अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया । आग की चपेट में आने से तीन मोटरसाइकिल व एक स्कूटी भी जलकर खाक हो गई । वहीं काम्पलैक्स में फंसे तीन लोगों को दमकल कर्मियों ने रेस्क्यू कर बाहर निकाला। हादसे में आग की चपेट में आये प्रतिष्ठानों में भारी नुकसान होने संभावना है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए वहीं विधायक शिव अरोरा भी वहां आ गये थे। बताया जाता है जिस काम्पलैक्स में आग लगी उसमें पहले फ्लोर पर एलीमेट स्टोर की दुकान और इंडसइंड बैंक की शाखा है। दूसरी मंजिल पर मसाला टाऊन व तीसरी मंजिल पर बैंक का अन्य फाइनेंस सहित आर्बिट ग्लोबल का कार्यालय है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों से आग सीढ़ियों की तरफ से लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस बीच बैंक कार्यालय में काम कर रहे आरिफ, प्रिंस बजाज व मोहित शर्मा बाहर नहीं निकल पाये। इधर आग की सूचना मिलते ही विधायक शिव अरोरा, एसएसपी मंजूनाथ टीसी सहित सीएफओ वंश बहादुर यादव दमकल कमीयों के साथ आ गये। कई घंटे की मशक्कत के पश्चात आग पर काबू पाया जा सका। जिसके बाद कर्मियों ने भवन की छत पर से फंसे तीनों कर्मियों को सुरक्षित नीचे उतारा। इस हादसे में भवन के सामने खडीं तीन बाईक व एक स्कूटी भी जल गई। भवन स्वामी राजेश डाबर, एलीमेट स्टोर के मोहित दुआ, मसाला टाऊन के स्वामी विकास बाठला तथा आर्बिट ग्लोबल के संचालक वंश डाबर का कहना है कि इस घटना में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। अग्निकाण्ड की इस घटना में करोड़ों के नुकसान होने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। विधायक शिव अरोरा ने घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए प्रभावितों को शासन से मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।



# सेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहा है पीएम मोदी का कार्यकाल: शर्मा

## दिनेशपुर में भाजपा का लाभार्थी सम्मेलन आयोजित




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केन्द्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर चलाये जा रहे महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत गदरपुर विधानसभा का लाभार्थी सम्मेलन दिनेशपुर स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें बतौर मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मुख्य वक्ता विकास शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए अपने कार्यकाल के नौ साल समर्पित किए। देश के प्रत्येक नागरिक व प्रत्येक वर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। केंद्र सरकार ने बिना भेदभाव के सबका विकास किया है। महिलाओं को उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन वितरण योजना, किसान सम्मान निधि आदि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ जनता को बिना भेदभाव के दिया गया है। विकास और विदेश नीति के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विश्व पटल पर पहुंचाया है। भारत की चरमराती अर्थव्यवस्था को सही करने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो प्रयास किये हैं, उसकी पूरी विश्व में सराहना हो रही है। सरकार ने गरीबों, वंचितों, पिछड़ों, जरूरतमंदों और समाज की आखिरी पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए काम किया। देश व प्रदेश में सड़कों का विकास होने से यातायात के लिए व्यवस्था बेहतर की गयी। श्री शर्मा ने कहा कि देश एवं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग के लोगों के लिए कार्य करती है। उत्तराखण्ड की डबल इंजन की सरकार ने भी कई विकास कार्य किए हैं। जिनकी हर तरफ सराहना हो रही है। प्रदेश मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष लगाव रहा है। इसीलिए आज उत्तराखण्ड हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जी–20 सम्मेलन के आयोजन से उत्तराखण्ड को विश्व स्तर पर पहचान मिली है। इससे जहां पर्यटन को लाभ मिलने की उम्मीद है वहीं इससे औद्योगिक क्षेत्र को भी लाभ मिलेगा। भाजपा प्रदेश मंत्री ने कहा आज विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन हो रहा है इसके पीछे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुशल नेतृत्व है। आज दूसरे देशों के मंच पर भारत के प्रधानमंत्री का सम्मान किया जा रहा है। वहां के प्रधानमंत्री प्रोटोकाल तोड़कर नरेंद्र मोदी की अगवानी में खड़े रहते है। देश के लिए यह बड़े गौरव की बात है। देश को जब से प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले है और प्रदेश में युवा मुख्यमंत्री मिले हैं तभी से सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ देश और प्रदेश के कोने कोने में विकास कार्य की गंगा बह रही है। केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से देश का आम नागरिक लाभान्वित हो रहा है। आज डबल इंजन की सरकार उत्तराखण्ड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को आव्हान किया सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाये। जिन लोगों ने योजनाओं का लाभ उठाया है वह दूसरों को भी योजना का लाभ दिलाने का प्रयास करें। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा नगरपालिका अध्यक्ष सीमा सरकार जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार पार्षद सुकुमार पार्षद सुनीता मिस्त्री सतीश चुग भोला शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

# सामाजिक ताने बाने में एकता और राष्ट्रभक्ति की आवश्यकता: राज्यपाल

देहरादून/हरिद्वार(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राष्ट्रीय सैनिक संस्था, रूड़की इकाई द्वारा रूड़की में आयोजित "देश के सम्मान में-राष्ट्रीय सैनिक संस्था मैदान में" कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने संस्था की ओर से गौरव सैनानियों को उनके योगदान के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था मेरा प्राथमिक परिवार है। सभी पूर्व सैनिक मेरे इसी परिवार के सदस्य हैं। राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित यह संस्था हमारे असंख्य गौरव सैनानियों और देशभक्त नागरिकों को एकता के सूत्र में जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमारी राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए हमारे सामाजिक ताने-बाने में एकता और राष्ट्रभक्ति की आवश्यकता है। राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गौरव सेनानी इस दिशा में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। इस परिवार को, हजारों देशभक्त नागरिकों और वीर सैनिकों ने स्वयं समर्पित भावना से बनाया है। इस परिवार का सदस्य होना हर एक के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था निरंतर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य कर रही है जो प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय चेतना, संस्कृति इतिहास और परम्पराओं की रक्षा के लिए भारत की सेना राष्ट्र प्रथम की भावना से सदैव तत्पर रहती है। हमारे सैनिकों का सीमाओं में सुरक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की आपदाओं में सराहनीय कार्य करने में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। भारत के वीर सैनिक हर मोर्चे पर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों में नेतृत्व करने की एक प्राकृतिक क्षमता है, और वे समाज एवं राष्ट्र की चुनौतियों के समाधान खोजने का भी कार्य करे। पूर्व सैनिक और गौरव सैनानी भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों के निवारण के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें एकता और एकजुटता से कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि संस्था अन्य लोगों को भी राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित करें। इस कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने भी अपने विचार रखे। संस्था के अध्यक्ष कर्नल (रि.) टी.पी. त्यागी ने उपस्थित अतिथियों एवं इकाईयों के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में विधायक रूड़की प्रदीप बत्रा, पूर्व विधायक कुवंर प्रणव सिंह चौंपियन, सीडीओ प्रतीक जैन, राष्ट्रीय सैनिक संस्था रूड़की के जिलाध्यक्ष बृजेश त्यागी, सचिव राजेन्द्र बगासी, संस्था के श्री राजेन्द्र छिब्बर, कैप्टन सुरेश चन्द्र त्यागी, नवीन त्यागी सहित विभिन्न इकाईयों के सदस्यगण उपस्थित रहे।



## राहुल गांधी के जन्म दिन पर कांग्रेसियों ने निकाली पदयात्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता और युवा हृदय सम्राट राहुल गांधी के जन्म दिवस के अवसर पर रुद्रपुर में युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस से जुड़िए पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में प्रतिभाग किया। इससे पूर्व चामुंडा मंदिर शिवनगर में सभी कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए और कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाते हुए ट्रांजिट कैंप स्थित गोल मढैया पहुंचे। समापन अवसर पर अपने संबोधन में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस के नेता ही नहीं बल्कि देश के नायक हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश और उत्साह है। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस देश में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हिमाचल प्रदेश के बाद जिस तरीके से कर्नाटक में कांग्रेस ने अपना परचम लहराया है इससे साबित होता है कि 2024 में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस केंद्र की सत्ता में निश्चित वापसी करेगी। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि राहुल गांधी ने निष्ठा,लगन,समर्पण और कर्मठता से कार्य करते हुए कांग्रेस को लगातार बुलंदियों तक पहुंचाने का कार्य किया है। आज हम उनके जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें कोटि-कोटि बधाई देते हैं। महानगर यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष और पदयात्रा के संयोजक रणजीत सिंह राणा ने कहा कि लोगों का रुझान अब कांग्रेस की तरफ बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि हम जल्दी ही भाजपा को देश से उखाड़ सकेंगे। इस अवसर पर निगम में नेता प्रतिपक्ष मोनू निषाद, महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित विभाग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राम प्रसाद, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, निगम पार्षद परवेज कुरेशी, निगम पार्षद प्रतिनिधि मानस वैरागी, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव रामाधारी गंगवार, दिनेश मौर्या, फरमान सिद्दीकी, अंकित सागर, चेतन जोहरी, संतोष चौहान, रजनीश सिंह, फैजल खान, नाजिर खान, शुभम दास, अभिजीत हालदार, विजय हरि, जमुना कोली, अरविंद सक्सेना, सतनाम सिंह, आमिर, समीर खान, अरुण कश्यप, सरताज, असित सरकार, सोनू शर्मा, किरण देवी, नदीम, अकील, हर्षित रस्तोगी, अरुण, राहुल, विजेंद्र मैखान, बंटी, कमल, अभिषेक मंडल, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## उत्तराखंड की टीम ने जीती व्हील चेयर क्रिकेट चौंपियन ट्राफी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दिल्ली में आयोजित व्हीलचेयर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में मुंबई की टीम को पांच विकेट से पराजित कर उत्तराखंड की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। प्रतियोगिता में देश के अलग -अलग राज्यों की 8 टीमों ने प्रतिभाग किया था। 10 जून से प्रारंभ हुई प्रतियोगिता का फाइनल मैच 17 जून को खेला गया। जिसमें उत्तराखंड ने बाजी मारते हुए फाइनल ट्रॉफी अपने नाम की। टीम ने मुंबई को फाइनल में 5 विकेट से हराया और उत्तराखंड की जीत का झंडा लहराया। प्रतियोगिता में चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के सभी खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें रुद्रपुर सुभाष कॉलोनी निवासी कमल जादे ने अपनी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में टीम के कैप्टन धन सिंह कोरंगा ने अपनी पूरी टीम का मनोबल बढ़ाया। टीम में दीपू राणा, नरेश भारद्वाज, आलोक तिवारी, सुबोध कुमार उधम सिंह जिला के खिलाड़ी थे। सबने मिलकर उत्तराखंड के नाम ट्रॉफी की।टीम की इस कामयाबी पर खेलप्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।



## नये प्रतिष्ठान का हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जैन कॉलोनी गली नंबर 1 में द शुगर कैफे रेस्टोरेंट का उद्घाटन प्रेमाश्रम जाफरपुर से पधारे गुरु गायत्री नाथ के सानिध्य में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल द्वारा किया गया। इस मौके पर गुरु जी ने कैफे स्वामी चिमनलाल ठुकराल उनके परिवार को नव प्रतिष्ठान की शुभकामनाएं व आशीर्वाद प्रदान किया। वहां उपस्थित लोगों ने कैफे स्वामी चिमनलाल ठुकराल को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्री ठुकराल ने कहा कि जैन कॉलोनी इंदिरा कॉलोनी वआदर्श कॉलोनी क्षेत्र में बहुत समय से एक अच्छे कैफे की कमी महसूस की जा रही थी जो द शुगर कैफे खुलने से पूरी हो गई है ।इस मौके पर चिमनलाल ठुकराल, दर्शन ठुकराल,विक्की ठुकराल, गोलू ठुकराल, सौरभ राजपूत, शिवांश छाबड़ा, सुशील चौहान, अनिल मौर्य,सोनू गांधी, जगदीश सुखीजा, लकी रहेजा, कांता रानी ,शिवकुमार ,पंडित शुभम शर्मा, सौरभ अग्रवाल,मिली अग्रवाल इत्यादि मौजूद थे।



गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES
AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927682338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरूनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999



# मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ करें सख्त कार्रवाई: सीडीओ

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में एनडीपीएस एक्ट के और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मुख्य विकास



अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने निर्देशित करते हुए कहा जनपद में अवैध नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही अमल में लाई जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि नशीले एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। सीडीओ ने नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान एवं दुष्प्रभावों के प्रति वृहद्ध स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने 1 जुलाई से 15 अगस्त तक जनपद के सभी महाविद्यालयों तथा कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाओं में नशीले पदार्थो का उपयोग न करने व जनजागरूकता के सम्बन्ध में शपथ दिलाने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया जाये।बैठक डीएफओ संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, आईपीएस चन्द्रशेखर घोड़के, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# जिला योजना के परिव्यय को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। वित्तीय वर्ष 2023 - 24 की जिला योजना अंतर्गत विभागोंद्वारा प्रथम किश्त के तहत उपलब्ध कराएं जा रहे प्रस्तावों के संबंध में जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जनपद के विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के परिव्यय को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला योजना के अंतर्गत प्रस्ताव बनाकर तत्काल प्रस्तुत कर दिये जायें ताकि विभागों को विकास कार्यों हेतु धनराशि का आवंटन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला योजना के अंतर्गत अच्छे प्रोजेक्ट बनाकर प्रस्तुत किए जाएं। जिलाधिकारी ने मत्स्य, उद्यान , कृषि , पशुपालन आदि विभागों को बेहतर प्रोजेक्ट तैयार करने के निर्देश दिए ताकि जनपद में स्वरोजगारपरक कार्यों को बढ़ावा मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने प्रथम किश्त के तहत अभी तक प्रस्ताव उपलब्ध नहीं कराने वाले विभागों पर अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि वे जिला योजना अंतर्गत प्रथम किश्त के बजट आवंटन हेतु तत्काल प्रस्ताव तैयार कर जिला अर्थ एवम संख्याधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में ढिलाई न बरती जाए। बैठक में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निरंजन प्रसाद ने बताया कि जनपद हेतु वित्तीय वर्ष 2023 - 24 की जिला योजना का परिव्यय रुपये 66 करोड़ 44 लाख 48 हजार प्राविधानित हैस इसके अतिरिक्त उनके द्वारा 20 एवम 30 सूत्रीय योजनाओं के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में उप



प्रभागीयवनाधिकारी ज्वाला प्रसाद , पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी, सीएमओ डा.एचएस हयांकी सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया कांग्रेस के युवराज का जन्मदिन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला कांग्रेस कमेटीद्वारा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और संगठन के युवराज राहुल गांधी का जन्मोत्सत्व धूमधाम से मनाया गया ।जिले में पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिनधूमधाम से मनाया गया। वही कपकोट, कांडा, गरुड़, काफलिगैर इकाई के कार्यकर्ताओ द्वारा भी संयुक्त रूप से जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने कांडा में भारत जोड़ो यात्रा निकालकर देश व समाज को एकजुट होकर देशहित के लिए कार्य करने का संदेश दिया।वही कपकोट काफलिगैर,गरुड़ में काटकर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी, साथ ही संगठन हित के लिए किए जा रहे उनके योगदान की सराहना की, मजबूत विपक्ष के तौर पर केंद्र की हिटलरशाही सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर उनकी लोकसभा से सदस्यता को रद्द कराकर लोकतंत्र की हत्या की गई है, उनके द्वारा भारत जोड़ो अभियान से देशवासियों को लोकतंत्र में खुलेआम नियमों को दरकिनार कर पैदल यात्रा से भारत जोड़ो यात्रा का संदेश दिया था,इस दौरान कांडा ब्लाक इकाई में यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल परिहार, महिलाकांग्रेस जिलाध्यक्ष गोपा धपोला, जिपं सदस्य पुष्पा आर्या,पूर्व यूथ कांग्रेस अध्यक्ष कवि जोशी,ब्लॉक कांग्रेस कमेटीमें अजय साह, जीवन धपोला, देवेंद्र बघरी, मनोज, जयदीप आदि मौजूद थे। जबकि कपकोट कांग्रेस इकाई ने भी धूमधाम से पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के 53वे जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उनका जन्मदिन धूमधाम से मनाया।आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता आज से ही आगामी निकाय चुनाव,लोकसभा चुनाव व पंचायत चुनाव फतह करने के लिए रणनीति बना मेहनत शुरू कर रहे हैं,सभी लोग जनता के बीच जाकर इस जनविरोधी मोदी सरकार का पर्दाफाश करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी,नगर पंचायत कपकोट अध्यक्ष गोविंद बिष्ट,ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गढ़िया, गोविंद ऐठानी,सभासद दीपक ऐठानी, प्रवीण ऐठानी,दरवान कुंवर, हरीश कपकोटी,दिनेश टाकुली, दीपक ऐठानी, प्रेम कनेरा, ललित आगरी, कैलाश, प्रहलाद कपकोटी,कमल कपकोटी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते 24 स्वर्ण पदक

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिले में खेल प्रतिभा में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नही है, युवा खिलाड़ी प्रत्येक खेल में देश विदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है, वही जिला प्रतिभावान खिलाड़ियों का हब बनने लगा है, सीमित संसाधनों के बीच युवा खिलाड़ी लगातार अपनी मेहनत से जिले का नाम रोशन कर रहे है,ताइक्वांडो खेल में बागेश्वर की अलग पहचान है। इस पहचान को जारी रखते हुए यहां के खिलाड़ियों ने अपना परचम लहराया है। 24 स्वर्ण पदक के साथ जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। क्यूरेगी व पूमसे खेल में उन्होंने अपना परचम लहराया है। इस उपलब्धि पर जिले के खेल प्रेमी लोगों ने खुशी जताई है। हल्द्वानी के गोलापार स्टेडियम में 16 से 18 जून तक राज्य स्तरीय कैडेट, जूनियर क्यूरेगी, पूमसे ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। कोच व द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त कमलेश तिवारी ने बताया कि जिले के खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण,11 रजत तथा सात कांस्य पदक जीतकर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि कुछ खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन किया है।वही जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए किसी भी प्रकार की कमी नही हो इसके लिए लगातार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिया, साथ ही सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। टीम कोच गोकुल खेतवाल, अनीता पांडे, विवेक नेगी के अलावा निर्णायक किशोर कुमार, जगदीश जोशी, दरवान सिंह परिहार, अनिल कार्की , किरन नेगी ने खुशी जताई है।



# शिव सेना ने दून चिकित्सालय में आयोजित किया रक्तदान शिविर

देहरादून (उद संवाददाता)। शिवसेना के 57वें स्थापना दिवस पर शिव सेना द्वारा स्थानीय दून चिकित्सालय के रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवसेना राज्य प्रमुख गौरव कुमार ने कहा कि आज से 57 वर्ष पूर्व हिन्दू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना नाम के एक छोटे पौधे को 19 जून 1966 को मुंबई के शिवाजी पार्क में लगाया था जो कि आज वह वह पौधा पूरे देश में एक वृद्ध वृक्ष बन गया है। बालासाहेब ने कहा कि शिवसेना 80% समाज सेवा एवं 20% राजनीति करेगी उसी तर्ज पर आज शिवसेना को देश की सबसे अधिक समाज सेवा वाली पार्टी कहा जाता है। गौरव कुमार ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के शिवसैनिक हमेशा बढ़ चढ़कर रक्तदान करके समाज की सेवा करते रहते हैं उन्होंने राजनीति राजधानी के जनमानस से स्वैच्छिक रक्तदान की अपील जिससे कि किसी जरूरतमंद को खून की कमी न हो। इस अवसर पर इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख शिवम गोयल ने सभी शिवसैनिकों को स्थापना दिवस की बधाई प्रेषित की। रक्तदान करने वालों में सोनू पासवान, शिवम गोयल, विकास मल्होत्रा, अमित डिमरी, रवीश नेगी,अमित बजाज,वासु परविंदा, कृष्ण गोपाल,हर्षित कुमार , ईशा सहगल ,सोनू चौधरी , विजय गुलाटी,रोहित बेदी ,मनिंदर सिंह ,पिंटू गुप्ता ,गोकुल परविंदा ,जीत सिंह ,अक्षय महेंद्रू, रवि गुप्ता,मणि गढ़वाल, रवि, रुस्तम पोल्की ,कार्तिक सहगल, अभिनव बेदी ,कृष्ण कमल, अभिषेक साहनी,शंकर पाण्डेय ,राज नेगी, हर्षित क्षेत्री , पुलकित, अंकुर सिंह आदि मौजूद रहे।



# मन्नत मांगने मंदिर आये व्यक्ति से मोबाईल झपटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बहन के लिए मंदिर में मन्नत मांगने आये व्यक्ति से बाईक सवार युवकों ने मोबाईल झपट लिया और फरार हों गये। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अरविन्द कुमार पुत्र हुकम सिंह निवासी ग्राम बकैनिया जिला रामपुर थाना पटवाई ने कहा है कि 18 जून को वह अपनी भांजी का फोन लेकर गौतम हॉस्पिटल के सामने मन्दिर में अपनी बहन विमला के लिए भगवान से मन्नत मांगने गया था । उसके साथ भान्जा अरविन्द कुमार था। जब वह मंदिर से प्रार्थना कर गौतम अस्पताल की ओर आ रहे थे तभी मन्दिर के सामने रोड पर बिना नंबर की बाईक पर सवार तीन लड़कों ने उसके साथ छीना झपटी कर उसके हाथ से मोबाईल छीन लिया और भाग गये। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर युवकों की खोजबीन शुरू कर दी है।

# बैंक कर्मी की बाईक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता) नगर में वाहन चोरी की घटनायें दिनोंदिन बढ़ती जा रही हैं। गत दिनों बैंक के आगे खड़ी बैंक कर्मी की मोटरसाईकिल अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में दिव्यांशु पुरी पुत्र रामवीर पुरी निवासी मोहल्ला शिवपुरी मीरगंज बरेली जनपद बरेली ने कहा है कि वह उत्कर्ष स्माल फाईनेन्स लिमिटिड बैंक, भूरारानी रोड में नौकरी करता है। 14 जून की सुबह उसने अपनी मोटर साइकिल संख्या यूपी 25 बीएस 2874 को अपनी बैंक के सामने लोक करके खड़ा किया था। करीब 20 मिनट बाद जब बाहर आया तो उसकी मोटर साइकिल अपनी जगह पर नहीं खड़ी थी। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे चैक करने पर पता चला है कि एक अज्ञात लड़का उसकी मोटर साइकिल को बैंक से ले जाते हुये दिखाई दे रहा है। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरी की बाइक सहित एक गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। मंगलवार को रामनगर कोतवाली पुलिस ने 4 दिन पूर्व मुख्य बाजार से हुई एक बाइक चोरी के मामले में बाइक चोर को चोरी की हुई बाइक के साथ गिरफ्तार किया कोतवाली के एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि 17 जून को ग्राम सेमलखलिया निवासी सत्यवान शर्मा की बाइक अज्ञात चोरों ने नगर के मुख्य बाजार लोहारा लाइन क्षेत्र से चोरी कर ली थी उन्होंने बताया कि इस मामले में बाइक स्वामी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई थी एसआई जयवीर सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भवानीगंज निवासी आशु श्रीवास्तव को चोरी की गई बाइक के साथ गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की है।

## पेज एक का शेष...

**पुलिस कस्टडी से ...**को लेकर नगीना जा रहे थे, रामनगर रोड पर शाहनवाज पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अल्मोड़ा पुलिस कर्मियों की तहरीर के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में काशीपुर पुलिस के साथ ही अल्मोड़ा पुलिस की एक टीम भी मुल्जिम की तलाशी में जुटी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**सीएम ने किया ...**उन्होंने कहा है प्रदेश में जमीनों की कमी है। ऐसे में नए भवन का डिजाइन ऐसा हो कि कम से कम जमीन में काम चल जाए। भारत सरकार की फ्लैगशिप स्कीम में उत्तराखंड अब सबसे आगे निकल रहा है। हमें आने वाले 25 सालों को लेकर योजना बनानी होगी। पुलिस को भी इसी हिसाब से तैयार रहना होगा। गृह विभाग के कामों की भी जल्द समीक्षा की जाएगी। बजट की कमी किसी काम में नहीं आने दी जाएगी।

**नाबालिग बहन...**टीम द्वारा मृतका सोनी के पिता अभियुक्त जाकिर अली को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया जबकि नाबालिग भाई तब से लगातार फरार चल रहा था और अपने ठिकाने बदल रहा था जिसे पुलिस ने उसके ताऊ इमाम शाह निवासी रिच्छा डंडिया के घर से अपने संरक्षण में ले लिया । उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**कार और बसकी...**को अस्पताल ले जाया गया जहां मनप्रीत कौर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। तजिंदर सिंह का हल्द्वानी के अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रभजोत और सुखवीर को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी है। हादसे में मनप्रीत कौर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**ट्रेन की चपेट मे...**लेते हुए उसकी शिनाख्त के प्रयास किए तो मृतक की शिनाख्त धर्मपाल निवासी ग्राम चिलकिया के रूप में हुई। एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि मृतक वर्तमान में नैनीताल स्थित मल्लीताल कोतवाली में होमगार्ड के पद पर तैनात था तथा आजकल छुट्टी में घर आया हुआ था। उन्होंने बताया कि शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

**कार की टक्कर से ...**अहमद ने बताया कि मोहल्ला मोतीमहल निवासी अरुण अग्रवाल अपने परिवार के दो बच्चों को लेकर बाइक से कोसी बराज की ओर जा रहे थे इसी बीच एक इनोवा कार ने टक्कर मार दी जिसमें तीनों बाइक सवार घायल हो गए उन्होंने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है तथा दुर्घटना में शामिल कार को पुलिस ने कब्जे में लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है उन्होंने बताया कि घायलों के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**हादसे में पिता की..**तेज गति से आ रही कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी इसके चलते वह बुरी तरह जख्मी होकर सड़क पर गिर पड़े जिन्हें राहगीर उठाकर रुद्रपुर के सरकारी अस्पताल में ले गए जहां चिकित्सकों ने सुरेश को मृत घोषित कर दिया वहीं उनकी पुत्री को गंभीर हालत में रुद्रपुर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है।

**युवक के साथ घूमती...** कि एक नाबालिग मुरादाबाद और दूसरी अल्मोड़ा की है। दोनों के स्वजन को बुलाया गया है। बहरहाल, दोनों नाबालिग को नारी निकेतन भेज दिया गया है। वहीं युवक को थाने में ही बैठाया गया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी नगर की शांति व्यवस्था भंग करने नहीं दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

# काशी गार्डन

## आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000